स्पीड पोस्ट

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
Government of India
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
(A Constitutional Body under Article 338A of the Constitution of India)

दिनांकः 10–12–2018

File No. RSM/3/2018/MHRD2/SEHRMT/RU-III

सिटिंग नोटिस

विषय :– अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी को जवाहर नवोदय विद्यालय, ओढा, सिरसा हरियाणा के प्राचार्य एवं कर्मचारियों द्वारा पिछले छः महीनों से कथित रूप से प्रताड़ित करने तथा डराये–धमकाये जाने के संबंध में – श्री राधेश्याम मीना (कला अध्यापक) ग्राम/पोस्ट बनेठा, तहसील उनियारा, जिला टोंक (राजस्थान) के अभ्यावेदन पर दिनांक 30.10.2018 को आयोग में हुई बैठक के निर्णयों की अनुपालना ।

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संवैधानिक अधिदेश और भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में उक्त उल्लिखित प्रकरणों में अन्वेषण करने का निर्णय लिया है।

2. सुश्री अनुसुईया उइके, माननीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस प्रकरण में अन्वेषण/जांच/की जाने वाली कार्रवाई के लिए नई दिल्ली स्थित आयोग में दिनांक 30–10–2018 को 15.00 बजे सिटिंग (बैठक) की थी जिसकी अनुपालना रिपोर्ट आयोग में अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। अतः माननीया उपाध्यक्ष महोदया ने इस मामले में पुनः दिनांक 14.12.2018 को 12:00 बजे बैठक आहूत की है।

3. तद्नुसार, आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर उक्त मामले से संबंधित संपूर्ण तथ्यों एवं सभी संगत मूल अभिलेखों/दस्तावेजों एवं आपके द्वारा की गई कार्रवाई रिपोर्ट के साथ व्यक्तिगत रूप से माननीय उपाध्यक्ष के समक्ष परीक्षण के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

4. कृपया ध्यान रखे कि यदि आप बैठक में उपस्थित नहीं होते हैं तो आयोग के समक्ष आपकी उपस्थिति को बाध्यकारी बनाने के लिए, आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क खंड (8) के अधीन प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र होगा।

9961-62
11/12/18

जारी ISS

(डॉ. ललित लट्टा)
निदेशक
10/12/2018

सेवा में,

आयुक्त
जवाहर नवोदय विद्यालय समिति,
बी –15, संस्थागत क्षेत्र, सेक्टर 62,
नोएडा, उत्तर प्रदेश 201307

प्रतिलिपि प्रेषितः

श्री राधेश्याम मीना,
ग्रामध्पोस्ट बनेठा, तहसील उनियारा,
जिला टोंक (राजस्थान)

6th Floor, 'B' Wing Lok Nayak Bhawan, Khan Market, New Delhi - 110003, website : //ncst.nic.in
Tel. : 011-24657271, 011-24620638 Fax : 011-24624628, 011-24604689, Toll Free 1800117777